महत्वपूर्ण एवं खास

केजी कॉलेज में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठियों 21 से

रायगढ़। किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायगढ़ के दस विभागो में आगामी 21 से 28 तक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, असम जैसे देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में कार्यरत विशेषज्ञ विद्वानों एवं शोधार्थियों की उपस्थिति होगी । संगोष्ठियों के सफल निष्पादन हेतु महाविद्यालय परिवार तैयारियों में संलग्न है। महाविद्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 21 फरवरी को वाणिज्य विषय में भारत में कृषि विपणन समस्याएं एवं समाधान छत्तीसगढ़ राज्य के संदर्भ में एवं अर्थशास्त्र विषय में औद्योगिक विकास एवं पर्यावरण पर प्रभाव, 22 को हिन्दी विषय में वर्तमान हिन्दी साहित्य 24 को संस्कृत विषय में राष्ट्रियैकतायै संस्कृतस्य योगदानम्?, 25 को इतिहास विषय में भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में, 26 को राजनीति शास्त्र विषय में भारत में राजनैतिक आपराधिकरण स्वरूप एवं निदान, 27 को समाजशास्त्र एवं मनोविज्ञान विषय पर संयुक्त रूप से सोशल मीडिया का युवाओं पर प्रभाव अंतर्विषयक दृष्टिकोण तथा 28 को भूगोल विषय में महानदी बेसिन में कृषि विकास की संभावनाएं विषय पर सेमीनार आयोजित है।

13 सौ वोटर्स होने पर ही बढ़ेंगे मतदान केन्द्र, जिले में बढ़े 3 सेंटर

रायगढ़। मतदान केन्द्रों में अधिकतम 12 सौ तक मतदाताओं की बाध्यता के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रशासन को रियायत दे दी है। अब मतदान केन्द्रों में13 सौ से अधिक वोटर्स हो जाने पर ही नए मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे। 1300 के इस नए फार्मूले के बाद अब जिले में भी 3 नए सेंटर बनाए गए हैं।

विस चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग ने ग्रामीण क्षेत्रों में किसी मतदान केन्द्र में अधिकतम 12 सौ मतदाताओं को ही शामिल करने का फरमान दिया था। 12 सौ से अधिक मतदाताओं के होने पर नए एवं सहायक मतदान केन्द्र बनाए जाने थे। जिले में नवंबर महीने में विस चुनाव हुए तो उस दौरान रायगढ़ की पांचो विस में कुल 1467 मतदान केन्द्र बने थे लेकिन 3 महीने बाद जब लोकसभा के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण का काम पूरा हुआ तो रायगढ़ जिले में करीब 22 हजार नए मतदाता आ गए हैं। इस वजह से करीब 16 से 18 मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की कुल संख्या 12 सौ से उपर चली जा रही थी। इतनी बड़ी संख्या में नए केन्द्र बनाने के लिए भवन के अलावा, जरूरी संसाधन एवं चुनाव के दौरान निर्वाचन की टीम भी बनानी पड़ती । इसलिए राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला प्रशासन को रियायत दे दी है लेकिन इसमें मतदाताओं की अधिकतम संख्या 13 सौ के भीतर ही रखने कहा है। मतदाताओं की अधिकतम संख्या वाले इस नए फार्मूले के तहत अब जिले में 3 ऐसे केन्द्र हो गए थे, जिनमें कि मतदाताओं की संख्या 13 सौ से भी उपर चली जा रही थी। जिसके बाद प्रशासन को 3 नए मतदान केन्द्र बनाने पड़े हैं। अब लोकसभा के लिए 22 फरवरी को जारी होने वाली अंतिम मतदाता सूची के बाद जिले में मतदान केन्द्रवार मतदाताओं की संख्या भी सार्वजनिक कर दी जाएगी।

जिले में अब 1470 मतदान केन्द्र

लोकसभा में तीन नए मतदान केन्द्र बढ़ गए हैं। धरमजयगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 245 कंचनपुर के अलावा कंचनपुर 2 के नाम से नया केन्द्र बनाया गया है। लैलूंगा में मतदान केन्द्र क्रमांक खैरपुर 1 को भी बांटकर खैरपुर 4 के नाम से नया सेंटर बनाना पड़ा है। इसी तरह सारंगढ़ में भी मुड़वाभाटा मतदान केन्द्र क्रमांक 64 के लिए भी मुड़वाभाटा 2 के नाम से नया केन्द्र बना है।

25 साल में पहली बार कलेक्टर आये पार्षदों से रायशुमारी करने निगम गलियारों में हर्ष का माहौल

रायगढ़। यूं तो शहर में कई कलेक्टर आये और अपने कार्यो का निर्वहन करते हुए विकास कार्यो का खाका तैयार किये जिसमें 25 साल में पहली बार किसी कलेक्टर द्वारा नगर निगम में स्वयं से आकर जनप्रतिनिधियो से शहर विकास व यातायात के सम्बंध में चर्चा किये हैं।

सभा कक्ष में बैठक के दौरान सभी जनप्रतिनिधि द्वारा सर्व प्रथम कलेक्टर का स्वागत व सम्मान किया गया। तत्पश्चात कलेक्टर सभी पार्षदों से रूबरू हुए। जहां बैठक आरंभ होने के साथ ही नगर निगम के सामने मौजूद निगम काम्प्लेक्स व यातायात के विषय में चर्चा की गइ जिसमें पार्षद संजय देवांगन ने निगम क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण व यातायात के मुद्दे को उठाते हुए नजूल भूमि का संरक्षण की जाने की बात रखी। वही पार्षद शरद शराफ द्वारा अपने सुझाव में बताया कि तत्कालीन निगम आयुक्त के कार्यकाल के दौरान कस्तूरबा गांधी स्कूल को तोड़ा गया था उक्त स्थान में निगम के सामने मौजूद कांप्लेक्स को तोड़े गए स्कूल के स्थान शिफ्ट किया जाना था। वही सर्व सुविधा युक्त बहुमंजिला काम्पलेक्स बनाये जाने का प्रस्ताव निगम से पारित हुआ था। जिसके लिए टेंडर भी जारी हो चुका था परंतु किस कारण से उक्त कार्य को रोका गया यह आज तक निगम फाइलों में दफन होना बताया हैं। जनप्रतिनिधियों से रायशुमारी करते हुए सुझाव एकत्रित किए वहीं पेंशन विभाग में गड़बड़ी को लेकर पेंशन विभाग के अधिकारी को फटकार लगाई। इसके अलावा कलेक्टर द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि शहर विकास जनप्रतिनिधियों व जनता के मंशा अनुसार ही किया जाएगा। वही हर महीने बैठक लेने की बात भी कही गई। विकास व यातायात के लिए कलेक्टर द्वारा पार्षदों से चर्चा किये जाने से जनप्रतिनिधियों से लेकर व्यापारियों में हर्ष का माहौल देखा गया। वही कलेक्टर द्वारा लिये जाने की खबर के बाद निगम कर्मचारियों की पूरी टीम नगर निगम मे नजर आई

नास्तेनाबूत कस्तूरबा गांधी स्कूल की पड़ताल

जिला कलेक्टर द्वारा निर्धारित समय में निगम आ गए। वही निगम मुख्य द्वार में उतरकर आयुक्त विनोद पांडेय नवनिर्वाचित निगम आयुक्त रमेश जायसवाल व अन्य अधिकारियों के साथ परिसर का मुआयाना किये जहां नास्तेनाबूत किया गया कस्तूरबा गांधी स्कूल स्थल का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान अधिकारियों से स्कूल की पूरी जानकारी जिसमे क्यो तोड़ा गया, कितने भूमि में स्कूल था और वर्तमान में कितनी भूमि रिक्त है। जिसकी पूरी जानकारी निगम अधिकारियों से मौके पर ही ले लिए है।

रोड और यातायात की समस्याओं को गिनाए

बैठक में जनप्रतिनिधियों से लेकर दुकानदारों ने शहर की सबसे ज्वलंत मुद्दे को कलेक्टर के समक्ष रखे जिसमें सभी की एक ही मांग नजर आई। इसमें जनप्रतिनिधियों ने रोड से अतिक्रमण के चलते होने वाले समस्याओं को गिनाए है। वही यातायात के लिए ठोस रणनीति के साथ साथ आने वाले भविष्य के मद्देनजर विस्तृत कार्ययोजना बनाने की चर्चा हुई।

कलेक्टर आये पार्षदों में विकास की दिखी आस

नगर पालिका के बाद म्युनिसिपल को नगर निगम में रायगढ़ तब्दील किया गया । इस बीच लगभग 25 वर्षो से कोई भी कलेक्टर निगम स्वयं से आकर विकास कार्यो के लिए पार्षदों से रायशुमारी करने नही आए। जितने भी कलेक्टर आये उनके द्वारा जन प्रतिनिधियों से स्वयं के चेम्बर में बैठक कर चर्चा किये किंतु कलेक्टर यशवंत कुमार ने इस रिकर्ड को तोड़ दिया और पार्षदो से लेकर जनता से चर्चा करने निगम पहुच गए। इससे डेढ़ घण्टे की रायशुमारी के उपरांत व्यपारियों व जनप्रतिनिधियों में विकास की आस नजर आई हैं।

पेशन विभाग में गड़बड़ी मिली फटकार

नगर निगम में बैठक के दौरान कई तरह की समस्या सामने आई हैं सभी ने अपने अपने सुझाव को सामने रखे है।

46 लाख का चूना लगाने वाले व्यवसायी का पुलिस कर रही इंतजार

रायगढ़। जिले में जीएसटी के 420 का पहला मामला आने के बाद भी पुलिस सुस्त है। 46 लाख का चूना लगाकर भाग जाने वाले व्यवसायी पर अपराध दर्ज करने के बाद पुलिस उसका इंतजार कर रही है और चक्रधरनगर थाने में फाइल दब जाने के कारण मामले में 4 हफ्ते बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। जीएसटी में राज्य कर विभाग को धोखा देकर भागे व्यवसायी मनीष तोड़ी के खिलाफ विभाग और पुलिस को कोई कामयाबी नहीं मिली है। फर्जी तरीके से जीएसटी पंजीयन कराने एवं 46 लाख की टैक्स चोरी की जांच करना पुलिस के लिए मुसीबत हो गई है। दरअसल इस भगोड़े व्यवसायी ने जीएसटी का जो पंजीयन कराया था, उसमें किसी दूसरे का बिजली बिल एवं बैंक खाते को अपना बताकर पंजीयन नंबर लिया था। रिकार्ड के अनुसार व्यवसायी लोहे एवं इंगार्ड का थोक का काम किया करता था और उसकी फर्म विक्की इंटरप्राइजेज के नाम से कोतरा रोड में बताई गई थी लेकिन हकीकत में कोई विक्की इंटरप्राइजेज नाम की फर्म ही नहीं थी।

अंतागढ़ टेप कांड : अजीत जोगी ने हाईकोर्ट में लगाई याचिका, एफआईआर को निरस्त करने की मांग

बिलासपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) सुप्रीमो अजीत जोगी ने अंतागढ़ टेप कांड में एफआईआर दर्ज किए जाने के विरुद्ध हाईकोर्ट में याचिका लगाई है. कांग्रेस नेत्री किरणमयी नायक की ओर से अंतागढ़ टेप कांड को लेकर पंडरी थाने में एफआईआर दर्ज कराया था. पहले भी इस मामले में मंतूराम पवार ने एफआईआर को विधि विरुद्ध बताया था. वहीं अजीत जोगी की ओर पेश याचिका में कहा गया है, चूंकि मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में लग चुका है, इसलिए पांच साल बाद किरणमयी नायक द्वारा दर्ज एफआईआर विधि विरुद्ध है, इसलिए एफआईआर को निरस्त किया जाए.

आबकारी विभाग ने किया विभिन्न जगहों से मदिरा जब्त

रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने विभिन्न जगहों से मदिरा जब्त करते हुए और संबंधित के विरूद्ध प्रकरण कायम कर न्यायालय में पेश किया गया है। इसी तरह सार्वजनिक स्थानों में मदिरापान करते हुए लोगों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्यवाही की गई।

आबकारी उप निरीक्षक रमेश कुमार अग्रवाल ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम-भेलवाटिकरा के पेतराम चौहान को केलो डेम के पास होटल में महुआ शराब बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा। जिसमें एक जरीकेन में 3 लीटर

महुआ शराब बरामद कर जब्त किया गया। जामगांव स्थित एमएसपी फैक्ट्री गेट के पास इरफान के होटल से एक सफेद प्लास्टिक बोरी में 26 पाव देशी मदिरा प्लेन बरामद होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। कांशीचुआ के जंलीधर राठिया, पुरानी बस्ती के गोवर्धन खाण्डे और हलधर मनहर के विरूद्ध आबकारी धाराओं के तहत प्रकरण कायम कर न्यायालय में पेश किया गया। इसी तरह पुसौर के ग्राम-देवलसुर्रा में उड़ीसा से तस्करी कर लायी गई महुआ शराब के पाउच के बिक्री किए जाने की सूचना पर आबकारी उप निरीक्षक रमेश सिंह सिदार ने संतराम निषाद को 22 पालीथीन पाउच मोर छाप महुआ शराब रखे पाए जाने पर प्रकरण कायम किया गया। रायगढ़ शहर में सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वाले के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही से सारंगढ़ बाइपास आनंद कुमार गुप्ता, मनोज कुमार साव और उसके भाई विनोद साव के विरूद्ध आबकारी धारा के तहत प्रकरण कायम किया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकि रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिटर्न कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480